उत्तर प्रदेश शासन
संस्थागत वित्त कर एवं निबन्धन अनुभाग–1
सं0–सं0वि0क0नि0–1–1010/11–2012–06/2009
लखनऊ दिनांक: 18 जून, 2012

कार्यालय ज्ञाप

वाणिज्य कर विभाग में सांख्यिकी संवर्ग के अन्तर्गत राजपत्रित अधिकारियों के निम्नलिखित विवरण के अनुसार पद स्वीकृत हैं:–

क0सं0	पद का नाम / वेतनमान	स्थायी पद	अस्थायी पद	कुल पदों की संख्या
1	2	3	4	5
1.	संयुक्त निदेशक(सांख्यिकी) / वेतनमान रू0–15,600–39100 ग्रेड पे–7600 रू0	––	01	01
2.	उप निदेशक (सांख्यिकी) / वेतनमान रू0–15,600–39100 ग्रेड पे–6600 रू0	––	04	04
3.	सांख्यिकी अधिकारी / वेतनमान रू0–15,600–39100 ग्रेड पे–5400 रू0	01	23	24

लोक सेवा आयोग, उ0प्र0 इलाहाबाद की संस्तुति के क्रम में निर्गत शासनादेश संख्या–क0स0वि0–1–11–1132/11–98–192/87, दिनॉक 18–4–98 के आधार पर श्री मनोज कुमार तिवारी द्वारा व्यापार कर विभाग में वेतनमान रू0–2200–4000 में सांख्यिकी अधिकारी के रूप में नियुक्त हुए है तथा उनके द्वारा दिनॉक 24–4–98 के अपरान्ह में अपना कार्यभार ग्रहण किया गया है। सांख्यिकी अधिकारी के पद से उप निदेशक (सांख्यिकी) के पद पर उनकी प्रोन्नति शासनादेश संख्या–क0नि0–1–1286/11–204–86/203, दिनॉक 27–2–04 द्वारा की गयी है और तत्क्रम में उनके द्वारा दिनॉक 27–2–04 के अपरान्ह में उक्त प्रोन्नत पद पर कार्यभार ग्रहण किया गया है।

2. श्री मनोज कुमार तिवारी, उप निदेशक (सांख्यिकी), वाणिज्य कर की संयुक्त निदेशक (सांख्यिकी)), वाणिज्य कर के पद पर प्रोन्नति किये जाने पर विचार किया जाना है। वाणिज्य कर विभाग में सांख्यिकी संवर्ग (राजपत्रित) के अन्तर्गत स्वीकृत कुल 29 अधिकारियों के पदों में से सम्प्रति श्री मनोज कुमार तिवारी, उप निदेशक (सांख्यिकी), वाणिज्य कर के 01 पद के अतिरिक्त कोई अन्य पद भरा नही है।

3. उत्तर प्रदेश सरकारी सेवक ज्येष्ठता नियमावली, 1991 (यथा संशोधित) के प्राविधानों के क्रम में वाणिज्य कर विभाग में सांख्यिकी संवर्ग (राजपत्रित) के मूल संवर्गीय पोषक पद सांख्यिकी अधिकारी की ज्येष्ठता सूची को अनन्तिम रूप से प्रकाशित की जाती है।

यदि कोई अधिकारी अनंतिम ज्येष्ठता सूची से संतुष्ट न हो तो वह अपनी आपत्ति दिनांक 25–06–2012 तक कमिश्नर, वाणिज्य कर, उ0 प्र0, लखनऊ के माध्यम से प्रस्तुत कर सकता है। निर्धारित तिथि के उपरान्त प्राप्त किसी आपत्ति पर विचार नही किया जायेगा।

संलग्नक– अनंतिम ज्येष्ठता सूची।

बीरेश कुमार
प्रमुख सचिव।

संख्याः–सं0वि0क0नि0–1–1010 (1)/11–2012, तद्दिनॉक।

प्रतिलिपिः–निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित–

(1) कमिश्नर, वाणिज्य कर, उ0 प्र0 लखनऊ को इस निर्देश के साथ प्रेषित कि वह कृपया अनंतिम ज्येष्ठता सूची की प्रति संबंधित अधिकारी को उपलब्ध करा दें, जिनके नाम इस अनंतिम ज्येष्ठता सूची में अंकित है। इसके अतिरिक्त संबंधित अधिकारी के प्राप्त आपत्तियों एवं उनके निराकरण हेतु आख्या सहित प्रस्ताव यथाशीघ्र उपलब्ध करायें।

(2) संबंधित अधिकारी, द्वारा कमिश्नर, वाणिज्य कर, उ0 प्र0 लखनऊ।

(3) गार्ड बुक।

आज्ञा से,

(धन्य कुमार)
उप सचिव।

वाणिज्य कर विभाग सांख्यिकी सेवा (राजपत्रित) के अन्तर्गत मूल पद संख्याधिकारी की अनन्तिम ज्येष्ठता सूची

क्र0सं0	ज्येष्ठता क्रमांक	अधिकारी का नाम / जन्मतिथि / गृह जनपद	भर्ती का श्रोत	संख्याधिकारी पद पर कार्यभार ग्रहण करने की तिथि/स्थायीकरण की तिथि	अभ्युक्ति
1	1	श्री मनोज कुमार तिवारी/ 20.02.1969/चन्दौली	लोक सेवा आयोग सीधी भर्ती	दिनांक 24.04.1998	